उत्तर प्रदेश सरकार

संस्थागत वित्त, कर एवं निबन्धन अनुभाग–2

संख्या : क0नि0–2–260 / ग्यारह–9(295) / 07–उ0प्र0अधि0–5–2008–
वैट नियमावली–08– आदेश–(40)– 2009

लखनऊ:: दिनांक :: 30 जनवरी, 2009

अधिसूचना

उत्तर प्रदेश साधारण खण्ड अधिनियम, 1904 (उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 1 सन् 1904) की धारा 21 के साथ पठित उत्तर प्रदेश मूल्य संवर्धित कर अधिनियम, 2008 (उत्तर प्रदेश अधिनियम सं0 5 सन् 2008) की धारा–79 के अधीन शक्ति का प्रयोग करके राज्यपाल उत्तर प्रदेश मूल्य संवर्धित कर नियमावली, 2008 को संशोधित करने की दृष्टि से निम्नलिखित नियमावली बनाते हैं,

चूँकि राज्यपाल का यह समाधान हो गया है कि ऐसी परिस्थितियां विद्यमान है, जिनके कारण उन्हें तुरन्त कार्रवाई करनी आवश्यक हो गयी है अतएव राज्यपाल अग्रतर उक्त अधिनियम की धारा–79 की उपधारा (3) के परन्तुक के अधीन बिना पूर्व प्रकाशन के उपर्युक्त नियमावली बनाते है :–

उत्तर प्रदेश मूल्य संबर्धित कर (प्रथम संशोधन) नियमावली, 2009

संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ — 1. (1) यह नियमावली उत्तर प्रदेश मूल्य संर्वधित कर (**प्रथम संशोधन**) नियमावली, 2009 कही जाएगी।

(2) यह गजट में प्रकाशित होने के दिनांक से प्रवृत्त होगी।

नियम 2 का संशोधन — 2. उत्तर प्रदेश मूल्य संवर्धित कर नियमावली, 2008, जिसे आगे उक्त नियमावली कहा गया है, में नियम 2 में, उपनियम (1) में नीचे स्तम्भ–1 में दिये गये विद्यमान खण्ड (द) के स्थान पर स्तम्भ–2 में दिया गया खण्ड रख दिया जायेगा, अर्थात् :–

स्तम्भ–1 विद्यमान खण्ड	स्तम्भ–2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित खण्ड
(द) "सम्भाग" का तात्पर्य संयुक्त कमिश्नर(कार्यपालक) की अधिकारिता के भीतर आने वाले क्षेत्र से है जिसमें लगभग दस खण्ड हैं।	**(द) "सम्भाग" का तात्पर्य संयुक्त कमिश्नर (कार्यपालक) या संयुक्त कमिश्नर (विशेष अनुसंधान शाखा) या संयुक्त कमिश्नर (प्रवर्तन) की अधिकारिता के भीतर आने वाले क्षेत्र से है जिसमें लगभग दस खण्ड हैं या ऐसे क्षेत्र से है, जिसे नियम 3 के अधीन जारी अधिसूचना या आदेश में विनिर्दिष्ट किया जाय।**

नियम 3 का संशोधन — 3. उक्त नियमावली में, नीचे स्तम्भ–1 में दिये गये विद्यमान उपनियम (3) के स्थान पर स्तम्भ–2 में दिया गया उपनियम रख दिया जायेगा, अर्थात् :–

स्तम्भ–1 विद्यमान उपनियम	स्तम्भ–2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित उप नियम
(3)- जहॉं एक से अधिक निम्नलिखित अधिकारी तैनात है, वहॉं कमिश्नर द्वारा; सम्भाग मे अपर कमिश्नर, या संयुक्त कमिश्नर (विशेष अनुसंधान शाखा) या	(3)- जहॉं एक से अधिक निम्नलिखित अधिकारी तैनात है, वहॉं कमिश्नर द्वारा; सम्भाग मे अपर कमिश्नर **(अपील)**, संयुक्त कमिश्नर (विशेष अनुसंधान

संयुक्त कमिश्नर (प्रर्वतन), संयुक्त कमिश्नर (कार्यपालक), किसी कारपोरेट मण्डल में संयुक्त कमिश्नर (कर निर्धारण); क्षेत्र के उप कमिश्नर, सहायक कमिश्नर या वाणिज्य कर अधिकारी की अधिकारिता का निर्धारण किया जायेगा -	शाखा) या संयुक्त कमिश्नर (प्रर्वतन) **या संयुक्त कमिश्नर (अपील) या** संयुक्त कमिश्नर (कार्यपालक) **या** किसी कारपोरेट मण्डल में संयुक्त कमिश्नर (कर निर्धारण); क्षेत्र के उप कमिश्नर, सहायक कमिश्नर या वाणिज्य कर अधिकारी की अधिकारिता का निर्धारण किया जायेगा -
(क) किसी परि सम्भाग में अपर कमिश्नर या संयुक्त कमिश्नर (विशेष अनुसंधान शाखा) या संयुक्त कमिश्नर (प्रर्वतन), सम्भाग में संयुक्त कमिश्नर (अपील), संयुक्त कमिश्नर (कार्यपालक), किसी कारपोरेट मण्डल में संयुक्त कमिश्नर (कर निर्धारण);या;	(क) किसी सम्भाग में अपर कमिश्नर **(अपील),** संयुक्त कमिश्नर (विशेष अनुसंधान शाखा) या संयुक्त कमिश्नर (प्रर्वतन), संयुक्त कमिश्नर (अपील), संयुक्त कमिश्नर (कार्यपालक),
(ख) किसी क्षेत्र में उप कमिश्नर (जाँच चौकी); उप कमिश्नर (प्रर्वतन) या उप कमिश्नर (विशेष अनुसंधान शाखा) ; या	(ख) किसी परिसम्भाग में उप कमिश्नर (जाँच चौकी); उप कमिश्नर (प्रर्वतन) या उप कमिश्नर (विशेष अनुसंधान शाखा); या
(ग) किसी क्षेत्र मे उप कमिश्नर (कर निर्धारण) सहायक कमिश्नर (कर निर्धारण) या वाणिज्य कर अधिकारी स्पष्टीकरण - उपनियम (3) के अन्तर्गत अधिकारियों की अधिकारिता अवधारित करने में कमिश्नर यह विर्निदिष्ट कर सकते है कि किसी अधिकारी की अधिकारिता ऐसे व्यवहारियों या व्यवहारियों के वर्ग पर रहेगी, और जब तक इस विनिर्देश से अन्यथा कोई अन्य निर्देश नहीं किए जाए तब तक उस अधिकारी या उसके प्रतिस्थापनी अधिकारी की अधिकारिता उन व्यवहारी पर बनी रहेगी और प्रतिस्थापनी अधिकारी प्रकरण का निस्तारण उसी स्तर से प्रारम्भ कर सकता है जिस स्तर पर पूर्वाधिकारी द्वारा छोडा गया था।	(ग) किसी क्षेत्र मे उप कमिश्नर (कर निर्धारण) सहायक कमिश्नर (कर निर्धारण) या वाणिज्य कर अधिकारी स्पष्टीकरण - उपनियम (3) के अन्तर्गत अधिकारियों की अधिकारिता अवधारित करने में कमिश्नर यह विर्निदिष्ट कर सकते है कि किसी अधिकारी की अधिकारिता ऐसे व्यवहारियों या व्यवहारियों के वर्ग पर रहेगी, और जब तक इस विनिर्देश से अन्यथा कोई अन्य निर्देश नहीं किए जाए तब तक उस अधिकारी या उसके प्रतिस्थापनी अधिकारी की अधिकारिता उन व्यवहारी पर बनी रहेगी और प्रतिस्थापनी अधिकारी प्रकरण का निस्तारण उसी स्तर से प्रारम्भ कर सकता है जिस स्तर पर पूर्वाधिकारी द्वारा छोडा गया था।

नियम 4 का संशोधन 4. उक्त नियमावली में, नियम 4 में विद्यमान उप नियम (10) के पश्चात् निम्नलिखित उप नियम बढा दिया जाएगा, अर्थात :–

(11) किसी अन्य नियम में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी जब कोई अधिकारी बीमारी, अनुपस्थिति या किसी अन्य कारण से अपने कृत्यों का निर्वाहन करने में असमर्थ हो या किसी अपर कमिश्नर, संयुक्त कमिश्नर, कार्यालय में कोई रिक्ति होने की स्थिति में कमिश्नर को यह अधिकारी होगा कि वह आदेश में यथाविर्निदिष्ट ऐसे अपर कमिश्नर और संयुक्त कमिश्नर को समनुदेशित कृत्यों

का निर्वहन अन्य अपर कमिश्नर या संयुक्त कमिश्नर को करने के लिए प्राधिकृत करें। इस उपनियम के अधीन कोई आदेश जारी किए जाने पर अपर कमिश्नर या संयुक्त कमिश्नर, जिसके पक्ष में ऐसा प्राधिकार किया गया हो, को ऐसे कार्यालय में अधिकारिता रखने वाले यथास्थिति, अपर कमिश्नर या संयुक्त कमिश्नर की समस्त शक्तियां होंगी।

नियम 16 का संशोधन

5. उक्त नियमावली में, नियम 16 में, नीचे स्तम्भ–1 में दिये गये विद्यमान उप नियम (2) के स्थान पर स्तम्भ–2 में दिया गया उप नियम रख दिया जायेगा, अर्थात् :–

स्तम्भ–1 विद्यमान उपनियम	स्तम्भ–2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित उप नियम
(2) यदि कर निर्धारक प्राधिकारी सन्तुष्ट है कि व्यवहारी द्वारा दिया गया प्रार्थना पत्र सही है, वह धारा 17 की उपधारा-11 के अन्तर्गत कार्यवाही प्रारम्भ करके व्यवहारी को सूचित करेगा।	(2) **यदि कर निर्धारक प्राधिकारी का समाधान हो जाए कि प्रार्थना पत्र में दी गयी सूचना सही है तो वह उक्त अधिनियम की धारा 17 की उपधारा (11) के अधीन रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र रद्द कर सकता है और तदनुसार व्यवहारी को सूचित करेगा।**

नियम 20 का संशोधन

6. उक्त नियमावली में, नियम 20 में, विद्यमान उपनियम (4) के पश्चात् निम्नलिखित उप नियम बढा दिये जायेंगे , अर्थात् :–

(5) उपनियम (2) के खण्ड (क) औरं (ख) के सम्बन्ध में,

(क) यदि कर निर्धारण प्राधिकारी का यह समाधान हो जाए कि दी गयी सूचना सही एवं पूर्ण है तो वह उपनियम (2) के खण्ड (क) या खण्ड (ख) के अधीन यथा उपबंधित कार्यसूची प्रस्तुत करने के लिए विहित अन्तिम दिनांक से एक माह के अवसान के पूर्व अधिनियम और इस नियमावली के उपबंधों के अनुसार उत्क्रमित इन्पुट टैक्स की संगणना करते हुए आदेश पारित करेगा। इस प्रकार पारित आदेश की प्रति व्यवहारी को तामील की जाएगी ।

(ख) अभिलेख में उपलब्ध सामग्री के आधार पर यदि कर निर्धारक प्राधिकारी का यह समाधान हो जाए कि दी गयी सूचना असत्य और अपूर्ण या अविश्वसनीय है या कोई कार्यसूची प्रस्तुत नही की गयी है, तो वह सुनवाई का युक्तियुक्त अवसर देने के पश्चात और ऐसी जॉच, जिसे वह उचित समझें, करने के पश्चात अधिनियम और इस नियमावली के उपबंधों के अनुसार उत्क्रमित इन्पुट टैक्स की संगणना करते हुए आदेश पारित करेगा। इस प्रकार पारित आदेश की प्रति व्यापारी को तामील की जाएगी ।

(ग) कर निर्धारक प्राधिकारी उत्क्रमित इन्पुट टैक्स की धनराशि इन्पुट टैक्स क्रेडिट के खाते में जमा करेगा और अधिक इनपुट टैक्स क्रेडट का खाता शून्य या ऋणात्मक अंक दर्शाता हो तो वह खण्ड (क) या (ख) के अधीन पारित उत्क्रमित इनपुट टैक्स क्रेडिट के आदेश सहित मॉग की नोटिस तामील करेगा और उक्त अधिनियम तथा इस नियमावली के उपबंधों के अनुसार उत्क्रमित इनपुट टैक्स क्रेडिट की धनराशि वसूल करेगा।

(6) उपनियम (1) के खण्ड (ख) और उपनियम (2) के खण्ड (ग) के संबंध में ,–

(क) यदि कर निर्धारक प्राधिकारी का यह समाधान हो जाता है कि उपलब्ध करायी गयी सूचना सही और पूर्ण है तो वह उक्त अधिनियम और इस नियमावली के उपबंधों के अनुसार इनपुट टैक्स क्रेडिट की संगणना करते हुए आदेश पारित करेगा। इस प्रकार पारित आदेश की प्रति, ऐसे स्टाक पर इनपुट टैक्स क्रेडिट की प्रथम किश्त का दावा करने के लिए विहित अंतिम तिथि समाप्त होने के पूर्व व्यवहारी को कर अवधि की विवरणी में तामील की जाएगी।

(ख) अभिलेख में उपलब्ध सामग्री के आधार पर यदि कर निर्धारक प्राधिकारी का समाधान हो जाता है कि उपलब्ध करायी गयी सूचना असत्य और अपूर्ण या

अविश्वसनीय हो तो वह, सुनवाई का युक्तियुक्त अवसर देने और ऐसी जॉच, जिसे वह उचित समझे, करने के पश्चात उक्त अधिनियम और इस नियमावली के उपबंधों के अनुसार इनपुट टैक्स क्रेडिट की संगणना करते हुए आदेश पारित करेगा। इस प्रकार पारित किये गये आदेश की प्रति, स्टाक में इनपुट टैक्स क्रेडिट की प्रथम किश्त का दावा करने के लिए विहित अंतिम तिथि समाप्त होने के पूर्व कर अवधि की विवरणी में व्यवहारी को तामील की जाएगी।

(ग) यदि कर निर्धारक प्राधिकारी विहित अवधि अंतर्गत उपखण्ड (क) या उपखण्ड (ख) के अधीन समुचित आदेश पारित करने में विफल रहता है तो व्यवहारी नियम–24 के अधीन यथा उपबंधित इनपुट टैक्स क्रेडिट का दावा कर सकता है । तथापि, यदि आदेश पारित किये जाने पर दावा सही नही पाया जाता है या दावा कम धनराशि के लिए पाया जाता है तो व्यवहारी अधिनियम की धारा–14 के अधीन उपबंधित ब्याज सहित इनपुट टैक्स क्रेडिट की दावे की अतिरिक्त धनराशि को जमा करेगा ।

नियम 21 का संशोधन

7. उक्त नियमावली में, नियम 21 में, नीचे स्तम्भ–1 में दिये गये विद्यमान नियम 21 के स्थान पर स्तम्भ–2 में दिया गया नियम रख दिया जाएगा, अर्थात् :–

स्तम्भ–I विद्यमान नियम	स्तम्भ–II एतद् द्वारा प्रतिस्थापित नियम
21 (1) उन वस्तुओ के सम्बन्ध में इन्पुट टैक्स क्रेडिट अनुमन्य नही है जो :-	21 (1) उन वस्तुओ के सम्बन्ध में इन्पुट टैक्स क्रेडिट अनुमन्य नही है जो :-
(क) राज्य के बाहर के किसी स्थान के व्यवहारी से प्राप्त अथवा खरीदी गयी है, चाहे वह स्थान भारत की सीमा के भीतर या बाहर हो ;	(क) राज्य के बाहर के किसी स्थान के व्यवहारी से प्राप्त अथवा खरीदी गयी है, चाहे वह स्थान भारत की सीमा के भीतर या बाहर हो ;
(ख) उत्तर प्रदेश व्यापार कर अधिनियम 1948 अथवा उत्तर प्रदेश मूल्य संवर्धित कर अधिनियम, 2007 के अन्तर्गत कर का भुगतान किए बिना खरीदी गई है ;	(ख) उत्तर प्रदेश व्यापार कर अधिनियम 1948 अथवा उत्तर प्रदेश मूल्य संवर्धित कर अधिनियम, 2007 के अन्तर्गत कर का भुगतान किए बिना खरीदी गई है ;
(ग) जिन व्यवहारियों पर कर दायित्व अधिनियम प्रारम्भ होने के दिनांक से है उनके द्वारा अधिनियम प्रारम्भ होने का दिनांक के छह माह से पूर्व की किसी दिनांक में क्रय की गई हो।	(ग) जिन व्यवहारियों पर कर दायित्व अधिनियम प्रारम्भ होने के दिनांक से है उनके द्वारा अधिनियम प्रारम्भ होने का दिनांक के छह माह से पूर्व की किसी दिनांक में क्रय की गई हो।
(घ) जिन व्यवहारियों पर कर का दायित्व, अधिनियम प्रारम्भ होने के बाद की किसी दिनांक सें है, उनके द्वारा कर दायी होने के दिनांक के 6 माह पूर्व की किसी दिनांक में क्रय की गई है।	(घ) जिन व्यवहारियों पर कर का दायित्व, अधिनियम प्रारम्भ होने के बाद की किसी दिनांक सें है, उनके द्वारा कर दायी होने के दिनांक के 6 माह पूर्व की किसी दिनांक में क्रय की गई है।
(ङ) जिन व्यवहारियों पर कर दायित्व अधिनियम प्रारम्भ होने के दिनांक से है और उनके द्वारा अधिनियम प्रारम्भ होने के दिनांक से पहले का दिन मे समाप्त होने वाली 6 माह की	(ङ) जिन व्यवहारियों पर कर दायित्व अधिनियम प्रारम्भ होने के दिनांक से है और उनके द्वारा अधिनियम प्रारम्भ होने के दिनांक से पहले के दिन को समाप्त होने वाली 6 माह

अवधि मे वस्तु प्रान्त भीतर से खरीदी गयी है परन्तु इस खरीद के लिए पंजीकृत विक्रेता व्यवहारी द्वारा जारी क्रय बीजक नही है।

(च) जो व्यवहारी अधिनियम प्रारम्भ होने के दिनांक के बाद की किसी दिनांक में करयोग्य हुए है और उनके द्वारा कर योग्य होने के दिनांक से पहले का दिन मे समाप्त होने वाली 6 माह, की अवधि की किसी दिनांक में प्रान्त अन्दर से खरीद की है, परन्तु इस खरीद के लिए पजीकृत विक्रेता व्यवहारी द्वारा जारी बिक्री बीजक, जिसमें क्रेता व्यवहारी का नाम एवमं पूरा पता लिखा हो, क्रेता व्यवहारी के पास नही है ;

(छ) अधिनियम प्रारम्भ होने के दिनांक से पहले का दिन मे समाप्त होने वाली 6 माह की अवधि में व्यवहारी द्वारा प्रान्त भीतर से की गयी ऐसी खरीद जिस पर इन व्यवहारी का कर दायित्व उत्तर प्रदेश व्यापार कर अधिनियम 1948 में हो, परन्तु व्यवहारी यह प्रमाणित ना कर सकते हो कि इस वस्तु की खरीद पर क्रय कर जमा किया है ;

(ज) ऐसे व्यवहारी जिन पर अधिनियम प्रारम्भ होने के दिनांक से कर दायित्व है, के द्वारा प्रान्त के भीतर से अधिनियम प्रारम्भ होने के दिनांक से पहले का दिन मे समाप्त होने वाली 6 माह की अवधि में की गयी ऐसी खरीदे जिन पर उत्तर प्रदेश व्यापार कर अधिनियम में कर का आपात नही हुआ है ; या

(झ) टैक्स पेयर आइडेन्टीफिकेशन नम्बर प्राप्त होने के उपरान्त क्रय की गई ऐसी वस्तुए जिनके टैक्स इनवाइस प्राप्त नही किया है ;

(ञ) व्यवहारी द्वारा क्रय की गयी ऐसी वस्तुए जिन के टैक्स इनवाइस की

की अवधि मे वस्तु प्रान्त भीतर से खरीदी गयी है परन्तु इस खरीद के लिए पंजीकृत विक्रेता व्यवहारी द्वारा जारी क्रय बीजक नही है।

(च) जो व्यवहारी अधिनियम प्रारम्भ होने के दिनांक के बाद की किसी दिनांक में करयोग्य हुए है और उनके द्वारा कर योग्य होने के दिनांक से पहले का दिन मे समाप्त होने वाली 6 माह, की अवधि की किसी दिनांक में प्रान्त अन्दर से खरीद की है, परन्तु इस खरीद के लिए पजीकृत विक्रेता व्यवहारी द्वारा जारी बिक्री बीजक, जिसमें क्रेता व्यवहारी का नाम एवमं पूरा पता लिखा हो, क्रेता व्यवहारी के पास नही है ;

(छ) अधिनियम प्रारम्भ होने के दिनांक से पहले का दिन मे समाप्त होने वाली 6 माह की अवधि में व्यवहारी द्वारा प्रान्त भीतर से की गयी ऐसी खरीद जिस पर इन व्यवहारी का कर दायित्व उत्तर प्रदेश व्यापार कर अधिनियम 1948 में हो, परन्तु व्यवहारी यह प्रमाणित ना कर सकते हो कि इस वस्तु की खरीद पर क्रय कर जमा किया है ;

(ज) ऐसे व्यवहारी जिन पर अधिनियम प्रारम्भ होने के दिनांक से कर दायित्व है, के द्वारा प्रान्त के भीतर से अधिनियम प्रारम्भ होने के दिनांक से पहले का दिन मे समाप्त होने वाली 6 माह की अवधि में की गयी ऐसी खरीदे जिन पर उत्तर प्रदेश व्यापार कर अधिनियम में कर का आपात नही हुआ है ; या

(झ) टैक्स पेयर आइडेन्टीफिकेशन नम्बर प्राप्त होने के उपरान्त क्रय की गई ऐसी वस्तुए जिनके टैक्स इनवाइस प्राप्त नही किया है ;

(ञ) व्यवहारी द्वारा क्रय की गयी ऐसी वस्तुए जिन के टैक्स इनवाइस की

मूल प्रति नही है और यह खरीदे विक्रेता व्यवहारी के टैक्स रिर्टन के साथ दाखिल सूची से सत्यापित नही होती है ; या

(ट) व्यवहारी द्वारा कर दायित्व प्रारम्भ होने के दिनांक से आरम्भ तथा टैक्स पेयर आइडेन्टीफिकेशन नम्बर प्राप्त होने के दिनांक को समाप्त होने वाली आवधि के मध्य में की गई ऐसी खरीदे, जिसके लिए विक्रेता व्यवहारी द्वारा जारी बिक्री इनवाइस पर क्रेता व्यवहारी का नाम वा पूरा पता लिखा हो, नही है; या

(ठ) नान वैट वस्तुओ के अतिरिक्त ऐसी अन्य कर योग्य वस्तुए जिनकी बिक्री पर क्रेता व्यवहारी का कर दायित्व नही हो ; या

(ड) व्यवहारी का पंजीयन निरस्त होने के उपरान्त की गयी खरीदे ; या

(ढ) अधिनियम की धारा 2 के खण्ड (ङ) के प्राविधानो के अनुसार जो वस्तुएं पूँजी माल है, और ऐसे पूँजी माल -

(एक) व्यवहारी ने कर दायित्व से पूर्व की किसी दिनांक मे खरीदा है ;

(दो) व्यवहारी ने खरीद के उपरान्त कर मुक्त वस्तुओ के निर्माण में प्रयोग की है और इस प्रकार निर्मित कर मुक्त वस्तु का निर्यात भारत की सीमा के बाहर नही किया है ; या

(ण) ऐसे पूँजी माल जो धारा-2 के खण्ड (2) के प्रविधान के अनुसार धारा 13 में पूँजी माल नही माने गये है ।

(त) कैपटिव पावर प्लान्ट या कैपटिव पावर प्लान्ट के भाग, पुर्जे या उपस्कर ; या

(थ) अनुसूची चार के स्तम्भ (2) मे वर्णित कर योग्य वस्तुए ;

(द) सकर्म सविंदा के निष्पादन में

मूल प्रति नही है और यह खरीदे विक्रेता व्यवहारी के टैक्स रिर्टन के साथ दाखिल सूची से सत्यापित नही होती है ; या

(ट) व्यवहारी द्वारा कर दायित्व प्रारम्भ होने के दिनांक से आरम्भ तथा टैक्स पेयर आइडेन्टीफिकेशन नम्बर प्राप्त होने के दिनांक को समाप्त होने वाली आवधि के मध्य में की गई ऐसी खरीदे, जिसके लिए विक्रेता व्यवहारी द्वारा जारी बिक्री इनवाइस पर क्रेता व्यवहारी का नाम वा पूरा पता लिखा हो, नही है; या

(ठ) नान वैट वस्तुओ के अतिरिक्त ऐसी अन्य कर योग्य वस्तुए जिनकी बिक्री पर क्रेता व्यवहारी का कर दायित्व नही हो ; या

(ड) व्यवहारी का पंजीयन निरस्त होने के उपरान्त की गयी खरीदे ; या

(ढ) अधिनियम की धारा 2 के खण्ड (ङ) के प्राविधानो के अनुसार जो वस्तुएं पूँजी माल है, और ऐसे पूँजी माल -

(एक) व्यवहारी ने कर दायित्व से पूर्व की किसी दिनांक मे खरीदा है ;

(दो) व्यवहारी ने खरीद के उपरान्त कर मुक्त वस्तुओ के निर्माण में प्रयोग की है और इस प्रकार निर्मित कर मुक्त वस्तु का निर्यात भारत की सीमा के बाहर नही किया है ; या

(ण) ऐसे पूँजी माल जो धारा-2 के खण्ड (2) के प्रविधान के अनुसार धारा 13 में पूँजी माल नही माने गये है ।

(त) निकाल दिया गया

(थ) अनुसूची चार के स्तम्भ (2) मे वर्णित कर योग्य वस्तुए ;

(द) सकर्म सविंदा के निष्पादन में व्यवहारी द्वारा प्रयोग किए गए भारी अर्थमूवर्स या पूँजी माल ; या

व्यवहारी द्वारा प्रयोग किए गए भारी अर्थमूवर्स या पूँजी माल ; या

(ध) यात्रियो या सामान या दोनो को ढोने वाले मोटर वाहन या अन्य वाहन ; या

(न) फैक्टरी या वर्कशाप के एअर कूलर, एअर कन्डीशनर्स, बिजली के पंखे, हीटर, एअर सर्कुलेटर, वाटर कूलर, वाटर प्यूरीफायर जो बिक्री हेतु वस्तुओ के निर्माण, प्रसंस्करण, पैकिग कार्य से सम्बन्धित न हो ; या

(प) सिविल कन्स्ट्रक्शन वर्क को निष्पादित करने के लिए व्यवहारी द्वारा कार्यालय निर्माण मे प्रयोग की गई सामग्री, या फर्नीचर, फिटिंग्स, कार्यालय उपकरण, एअर कूलर, एअर कन्डीशनर, बिजली के पंखे, हीटर, एअर सर्कुलेटर, वाटर कूलर एवं वाटर प्यूरीफायर जो निर्माण कार्य से सम्बन्धित न हो; या

(फ) ऐसी वस्तुऐ, जिस पर इन्पुट टैक्स क्रेडिट अनुमन्य नही है, के अनुरक्षण, मरम्मत या चालू रखने के लिए, उपयोग किये गये पुर्जे, घटक,उपसाधन या कन्ज्यूमेंबिल; या

(ब) धारा 6 के अन्तर्गत समाधान अवधि प्रारम्भ होने के दिन व्यवहारी के द्वारा धारित आरम्भिक रहतिए की वे वस्तुएं, जो जिस दशा और स्थिति मे खरीदी गई थी उसी दशा और स्थिति मे है ; या

(भ) धारा 6 के अन्तर्गत समाधान अवधि प्रारम्भ होने के दिन आरम्भिक रहतिए मे व्यवहारी द्वारा धारित तैयार माल या अर्धनिर्मित माल के निर्माण अथवा प्रसस्करण, या पैकिंग के लिए प्रयोग या खपत गई वस्तुए ; या

(म) कारबार बन्द होने के दिनांक मे व्यवहारी के द्वारा अन्तिम रहतिए मे धारित वह वस्तुए जो जिस दशा

(ध) यात्रियो या सामान या दोनो को ढोने वाले मोटर वाहन या अन्य वाहन; या

(न) फैक्टरी या वर्कशाप के एअर कूलर, एअर कन्डीशनर्स, बिजली के पंखे, हीटर, एअर सर्कुलेटर, वाटर कूलर, वाटर प्यूरीफायर जो बिक्री हेतु वस्तुओ के निर्माण, प्रसंस्करण, पैकिग कार्य से सम्बन्धित न हो ; या

(प) सिविल कन्स्ट्रक्शन वर्क को निष्पादित करने के लिए व्यवहारी द्वारा कार्यालय निर्माण मे प्रयोग की गई सामग्री, या फर्नीचर, फिटिंग्स, कार्यालय उपकरण, एअर कूलर, एअर कन्डीशनर, बिजली के पंखे, हीटर, एअर सर्कुलेटर, वाटर कूलर एवं वाटर प्यूरीफायर जो निर्माण कार्य से सम्बन्धित न हो; या

(फ) ऐसी वस्तुऐ, जिस पर इन्पुट टैक्स क्रेडिट अनुमन्य नही है, के अनुरक्षण, मरम्मत या चालू रखने के लिए, उपयोग किये गये पुर्जे, घटक,उपसाधन या कन्ज्यूमेंबिल; या

(ब) धारा 6 के अन्तर्गत समाधान अवधि प्रारम्भ होने के दिन व्यवहारी के द्वारा धारित आरम्भिक रहतिए की वे वस्तुएं, जो जिस दशा और स्थिति मे खरीदी गई थी उसी दशा और स्थिति मे है ; या

(भ) धारा 6 के अन्तर्गत समाधान अवधि प्रारम्भ होने के दिन आरम्भिक रहतिए मे व्यवहारी द्वारा धारित तैयार माल या अर्धनिर्मित माल के निर्माण अथवा प्रसस्करण, या पैकिंग के लिए प्रयोग या खपत गई वस्तुए ; या

(म) कारबार बन्द होने के दिनांक मे व्यवहारी के द्वारा अन्तिम रहतिए मे धारित वह वस्तुए जो जिस दशा एवं स्थिति मे खरीदी गई थी उसी

एवं स्थिति मे खरीदी गई थी उसी दशा एवं स्थिति मे है ; या

(य) कारबार बन्द होने पर व्यवहारी के पास अन्तिम स्टाक मे धारित निर्मित या अर्धनिर्मित, सामान के निर्माण या प्रसस्करण मे उपयोग या खपत हुआ अथवा इस प्रकार निर्मित, प्रसंस्कृत माल की पैकिग मे उपयोग या खपत हुई वस्तुए ; या

(कक) किसी दूसरे व्यक्ति के स्वामित्व वाली वस्तु की पैकिंग हेतु प्रयोग या खपत हुई वस्तुए ; या

(कख) किसी अन्य व्यक्ति के लिए वस्तु के निर्माण अथवा प्रसंस्करण मे प्रयोग या खपत हुआ या ऐसे निर्मित, प्रसंस्कृत वस्तु की पैकिग मे प्रयोग अथवा खपत की गई वस्तु ; या

(कग) नान वैट गुडस के अतिरिक्त किसी अन्य कर योग्य वस्तु के निर्माण या प्रसंस्करण अथवा इस प्रकार निर्मित या प्रसंस्कृत वस्तु की पैकिग में अथवा ऐसे अन्य निर्मित वस्तु की बिक्री, जिसकी खरीद पर क्रेता का कर दायित्व नही है, मे खपत या प्रयोग हुई वस्तु ; या

(कघ) धारा 6 की समाधान अवधि में वस्तु की पुन: बिक्री करने पर ; या

(कङ) वस्तु के निर्माण या प्रसस्करण मे प्रयोग हुआ है और इस प्रकार से निर्मित या प्रसंस्कृत वस्तु धारा 6 मे समाधान की अवधि मे बेची गई है ; या

(कच) उपहार मे दी गई या अन्य प्रकार से बिना मूल्य लिए बॉटी गई या खो गई या नष्ट अथवा चोरी हो गई है ; या

(कछ) किसी निर्मित या प्रसंस्कृत वस्तु या इस प्रकार निर्मित या प्रसंस्कृत वस्तु की पैकिग मे प्रयोग या खपत हुआ सामान, जिसको निर्माण या प्रसंस्करण के उपरान्त उपहार मे

दशा एवं स्थिति मे है ; या

(य) कारबार बन्द होने पर व्यवहारी के पास अन्तिम स्टाक मे धारित निर्मित या अर्धनिर्मित, सामान के निर्माण या प्रसस्करण मे उपयोग या खपत हुआ अथवा इस प्रकार निर्मित, प्रसंस्कृत माल की पैकिग मे उपयोग या खपत हुई वस्तुए ; या

(कक) किसी दूसरे व्यक्ति के स्वामित्व वाली वस्तु की पैकिंग हेतु प्रयोग या खपत हुई वस्तुए ; या

(कख) किसी अन्य व्यक्ति के लिए वस्तु के निर्माण अथवा प्रसंस्करण मे प्रयोग या खपत हुआ या ऐसे निर्मित, प्रसंस्कृत वस्तु की पैकिग मे प्रयोग अथवा खपत की गई वस्तु ; या

(कग) नान वैट गुडस के अतिरिक्त किसी अन्य कर योग्य वस्तु के निर्माण या प्रसंस्करण अथवा इस प्रकार निर्मित या प्रसंस्कृत वस्तु की पैकिग में अथवा ऐसे अन्य निर्मित वस्तु की बिक्री, जिसकी खरीद पर क्रेता का कर दायित्व नही है, मे खपत या प्रयोग हुई वस्तु ; या

(कघ) धारा 6 की समाधान अवधि में वस्तु की पुन: बिक्री करने पर ; या

(कङ) वस्तु के निर्माण या प्रसस्करण मे प्रयोग हुआ है और इस प्रकार से निर्मित या प्रसंस्कृत वस्तु धारा 6 मे समाधान की अवधि मे बेची गई है ; या

(कच) उपहार मे दी गई या अन्य प्रकार से बिना मूल्य लिए बॉटी गई या खो गई या नष्ट अथवा चोरी हो गई है ; या

(कछ) किसी निर्मित या प्रसंस्कृत वस्तु या इस प्रकार निर्मित या प्रसंस्कृत वस्तु की पैकिग मे प्रयोग या खपत हुआ सामान, जिसको निर्माण या प्रसंस्करण के उपरान्त उपहार मे

दिया गया, या बिना मूल्य लिए बॉट दिया गया या खो गया या विनष्ट हो गया अथवा चोरी हो गया हो ; या

(कज) खरीद का दिनांक के 6 माह के भीतर विक्रेता व्यवहारी को वापस कर दिया हो ; या

(कझ) किसी करमुक्त वस्तु की पैकिग मे प्रयोग किया गया हो और वह करमुक्त वस्तु भारत की सीमा के बाहर निर्यात न की गई हो ; या

(कञ) किसी करमुक्त वस्तु के निर्माण या प्रसंस्करण मे या इस प्रकार निर्मित या प्रसंस्कृत वस्तु की पैकिग मे प्रयोग किया गया है, जिसे निर्माण प्रसंस्करण या पैकिग के बाद भारत के बाहर निर्यात न करके अन्य प्रकार से निस्तारित किया गया है; या

(कट) नान वैट वस्तु के निर्माण, या प्रसंस्करण या पैकिग मे प्रयोग या खपत किया गया हो ; या

(कठ) वह अन्य वस्तुए जिनके सम्बन्ध मे या अन्य परिस्थितियो मे, अधिनियम के प्राविधानो के अनुरूप इन्पुट टैक्स क्रेडिट का लाभ अनुमन्य नही है ।

(2) उन वस्तुओ के सम्बन्ध मे जिन्हे :-

(क) प्रान्त बाहर बिक्री न करके अन्य प्रकार से प्रान्त बाहर उसी रुप एवं दशा मे पारेषित किया गया है, जिस रुप व दशा मे खरीदा गया था;

(ख) किसी ऐसे कर योग्य माल के निर्माण या प्रसंस्करण अथवा ऐसी वस्तु की पैकिंग मे प्रयोग या खपत हुआ हो, जिसे प्रान्त बाहर बिक्री न करके अन्य प्रकार से प्रान्त बाहर पारेषित किया गया हो, सूत्र {पी x आर / 100} का प्रयोग करके इन्पुट टैक्स क्रेडिट के अंशिक भाग का लाभ दिया जाना अनुमन्य नही है :- जहॉ :-

दिया गया, या बिना मूल्य लिए बॉट दिया गया या खो गया या विनष्ट हो गया अथवा चोरी हो गया हो; या

(कज) खरीद का दिनांक के 6 माह के भीतर विक्रेता व्यवहारी को वापस कर दिया हो ; या

(कझ) किसी करमुक्त वस्तु की पैकिग मे प्रयोग किया गया हो और वह करमुक्त वस्तु भारत की सीमा के बाहर निर्यात न की गई हो ; या

(कञ) किसी करमुक्त वस्तु के निर्माण या प्रसंस्करण मे या इस प्रकार निर्मित या प्रसंस्कृत वस्तु की पैकिग मे प्रयोग किया गया है, जिसे निर्माण प्रसंस्करण या पैकिग के बाद भारत के बाहर निर्यात न करके अन्य प्रकार से निस्तारित किया गया है; या

(कट) नान वैट वस्तु के निर्माण, या प्रसंस्करण या पैकिग मे प्रयोग या खपत किया गया हो ; या

(कठ) वह अन्य वस्तुए जिनके सम्बन्ध मे या अन्य परिस्थितियो मे, अधिनियम के प्राविधानो के अनुरूप इन्पुट टैक्स क्रेडिट का लाभ अनुमन्य नही है ।

(2) उन वस्तुओ के सम्बन्ध मे जिन्हे :-

(क) प्रान्त बाहर बिक्री न करके अन्य प्रकार से प्रान्त बाहर उसी रुप एवं दशा मे पारेषित किया गया है, जिस रुप व दशा मे खरीदा गया था;

(ख) किसी ऐसे कर योग्य माल के निर्माण या प्रसंस्करण अथवा ऐसी वस्तु की पैकिंग मे प्रयोग या खपत हुआ हो, जिसे प्रान्त बाहर बिक्री न करके अन्य प्रकार से प्रान्त बाहर पारेषित किया गया हो, सूत्र {पी x आर / 100} का प्रयोग करके इन्पुट टैक्स क्रेडिट के अंशिक भाग का लाभ दिया जाना अनुमन्य नही है :- जहॉ :-

(एक) "पी" का तात्पर्य पारेषित की गई, या प्रयुक्त या खपत की गई वस्तु का क्रय मूल्य है ।

(दो) "आर" का तात्पर्य केंन्द्रीय बिक्री कर अधिनियम 1956 की धारा 8 की उपधारा (1) के अन्तर्गत विहित कर की दर है ।

(3) वस्तु की वास्तविक खरीद किए बगैर प्राप्त की गई टैक्स इन्वाइस या बिक्री इन्वाइस के आधार पर इन्पुट टैक्स क्रेडिट अनुमन्य नही है ।

(4) जिस धनराशि के लिए विक्रेता व्यवहारी से क्रेता व्यवहारी को क्रेडिट नोट मिला है, उस धनराशि पर इन्पुट टैक्स क्रेडिट अनुमन्य नही है ।

(5) यदि व्यवहारी विहित समय एवं विहित प्रारूप मे स्टाक की सूची दाखिल करने मे असफल रहता है तब स्टाक पर इन्पुट टैक्स क्रेडिट अनुमन्य नही किया जाएगा।

(6) उत्तर प्रदेश व्यापार कर अधिनियम 1948 की धारा-तीन (ज) के अन्तर्गत देय या दिया गया विकास कर पर किसी भी प्रकरण या परिस्थितियो मे इन्पुट टैक्स क्रेडिट अनुमन्य नही है ।

(7) अधिनियम प्रारम्भ होने के दिनांक से पूर्व के दिनांक मे खरीदी गई ऐसी वस्तुए, जो अधिनियम मे करमुक्त है, पर इन्पुट टैक्स क्रेडिट अनुमन्य नहीं है ।

(8) अधिनियम प्रारम्भ होने के दिनांक में आरम्भिक रहतिये में धारित वस्तुओं, जिन पर व्यवहारी ने उत्तर प्रदेश व्यापार कर अधिनियम, 1948 की धारा 7 (घ) के अन्तर्गत समाधान विकल्प का लाभ लिया है, पर इन्पुट टैक्स क्रेडिट अनुमन्य नहीं है।

(9) अधिनियम प्रारम्भ होने के दिनांक में आरम्भिक रहतिए मे धारित वस्तुएं, जिनकी खरीद अधिनियम प्रारम्भ होने के दिनांक के पूर्व में की गई है, और जिनकी खरीद या बिक्री पर उत्तर प्रदेश व्यापार कर अधिनियम, 1948 की धारा 4 के

(एक) "पी" का तात्पर्य पारेषित की गई, या प्रयुक्त या खपत की गई वस्तु का क्रय मूल्य है ।

(दो) "आर" का तात्पर्य केंन्द्रीय बिक्री कर अधिनियम 1956 की धारा 8 की उपधारा (1) के अन्तर्गत विहित कर की दर है ।

(3) वस्तु की वास्तविक खरीद किए बगैर प्राप्त की गई टैक्स इन्वाइस या बिक्री इन्वाइस के आधार पर इन्पुट टैक्स क्रेडिट अनुमन्य नही है ।

(4) जिस धनराशि के लिए विक्रेता व्यवहारी से क्रेता व्यवहारी को क्रेडिट नोट मिला है, उस धनराशि पर इन्पुट टैक्स क्रेडिट अनुमन्य नही है ।

(5) यदि व्यवहारी विहित समय एवं विहित प्रारूप मे स्टाक की सूची दाखिल करने मे असफल रहता है तब स्टाक पर इन्पुट टैक्स क्रेडिट अनुमन्य नही किया जाएगा।

(6) उत्तर प्रदेश व्यापार कर अधिनियम 1948 की धारा-तीन (ज) के अन्तर्गत देय या दिया गया विकास कर पर किसी भी प्रकरण या परिस्थितियो मे इन्पुट टैक्स क्रेडिट अनुमन्य नही है ।

(7) अधिनियम प्रारम्भ होने के दिनांक से पूर्व के दिनांक मे खरीदी गई ऐसी वस्तुए, जो अधिनियम मे करमुक्त है, पर इन्पुट टैक्स क्रेडिट अनुमन्य नहीं है ।

(8) अधिनियम प्रारम्भ होने के दिनांक में आरम्भिक रहतिये में धारित वस्तुओं, जिन पर व्यवहारी ने उत्तर प्रदेश व्यापार कर अधिनियम, 1948 की धारा 7 (घ) के अन्तर्गत समाधान विकल्प का लाभ लिया है, पर इन्पुट टैक्स क्रेडिट अनुमन्य नहीं है।

(9) अधिनियम प्रारम्भ होने के दिनांक में आरम्भिक रहतिए मे धारित वस्तुएं, जिनकी खरीद अधिनियम प्रारम्भ होने के दिनांक के पूर्व में की गई है, और जिनकी खरीद या बिक्री पर उत्तर प्रदेश व्यापार कर अधिनियम, 1948 की धारा 4 के

खण्ड(ग) मे कर मुक्ति का लाभ लिया गया है, पर इन्पुट टैक्स क्रेडिट अनुमन्य नहीं है।	खण्ड(ग) मे कर मुक्ति का लाभ लिया गया है, पर इन्पुट टैक्स क्रेडिट अनुमन्य नहीं है।
	(10) यदि व्यवहारी ने केन्द्रीय विक्रय कर अधिनियम, 1956 की धारा 15 के खण्ड(ग) के उपबंध की प्रसुविधा का उपभोग किया है तो विक्रय हेतु चावल के विनिर्माण में प्रयुक्त धान के मामलें में इन्पुट टैक्स की धनराशि पर कोई क्रेडिट अनुमन्य नही होगा।
	(11) माल का क्रय करने पर इन्पुट टैक्स की धनराशि पर कोई क्रेडिट अनुमन्य नही होगा। और कोई क्रेडिट प्रारम्भिक स्टाक में उस दिनांक को धारित नही किया जाएगा जिस दिनांक को ऐसा माल उक्त अधिनियम की धारा 17 के अधीन मुक्त धोषित किया गया हो या ऐसी वस्तुयें अनुसूची–एक में सम्मिलित की गयी हों।
	(12) ऐसे मूल्य संवर्धित कर वाली वस्तुयें, जिनका विक्रय किसी रजिस्ट्रीकृत व्यवहारी द्वारा रजिस्ट्रीकृत व्यवहारी को किया गया हो और ऐसे विक्रय हेतु रजिस्ट्रीकृत व्यवहारी ने कर बीजक जारी न किया हो, के संबध में इनपुट टैक्स की धनराशि पर कोई क्रेडिट अनुमन्य नही होगा।

नियम 24 का संशोधन

8. उक्त नियमावली में, नियम 24 में, नीचे स्तम्भ–1 में दिये गये विद्यमान खण्ड(क) के स्थान पर स्तम्भ–2 में दिया गया खण्ड रख दिया जायेगा, अर्थात् :–

स्तम्भ–1 विद्यमान खण्ड	स्तम्भ–2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित खण्ड
(क) निर्माण में प्रयोग होने वाले पूँजी माल के इन्पुट टैक्स की धनराशि के लिए इन्पुट टैक्स क्रेडिट का दावा तीन बराबर धनराशि की वार्षिक किस्तो में कर निर्धारण वर्ष के प्रथम टैक्स अवधि के टैक्स रिर्टन मे प्रस्तुत किया जाएगा। इस प्रकार की प्रथम किस्त का दावा, जिस कर निर्धारण वर्ष में पूँजी माल की खरीद की गई है उससे अगले कर निर्धारण वर्ष के प्रथम टैक्स अवधि के टैक्स रिर्टन के साथ प्रस्तुत किया जाएगा तथा अगली किश्तों का दावा अगले कर निर्धारण वर्षों के प्रथम टैक्स अवधि मे किया जाएगा।	(क) निर्माण में प्रयोग होने वाले पूँजी माल के इन्पुट टैक्स की धनराशि के लिए इन्पुट टैक्स क्रेडिट का दावा तीन बराबर धनराशि की वार्षिक किस्तो में कर निर्धारण वर्ष के प्रथम टैक्स अवधि के टैक्स रिर्टन मे प्रस्तुत किया जाएगा। इस प्रकार की प्रथम किस्त का दावा, जिस कर निर्धारण वर्ष में पूँजी माल की खरीद की गई है उससे अगले कर निर्धारण वर्ष के प्रथम टैक्स अवधि के टैक्स रिर्टन के साथ प्रस्तुत किया जाएगा तथा अगली किश्तों का दावा अगले कर निर्धारण वर्षों के प्रथम टैक्स अवधि मे किया जाएगा। प्रतिबन्ध यह है कि जहाँ निर्मित वस्तुए

प्रतिबन्ध यह है कि जहाँ निर्मित वस्तुए अधिनियम के अन्तर्गत कर मुक्त है और इस प्रकार निर्मित वस्तुओं को अलग-अलग प्रकार से निस्तारित किया गया है, इन्पुट टैक्स क्रेडिट की वार्षिक किस्त का दावा आंशिक रूप से प्रस्तुत किया जाएगा और व्यवहारी को उसी सीमा तक अनुमन्य किया जाएगा जिस अनुपात में भारत की सीमा से बाहर वस्तु का निर्यात हुआ है।	अधिनियम के अन्तर्गत कर मुक्त है और इस प्रकार निर्मित वस्तुओं को अलग-अलग प्रकार से निस्तारित किया गया है, इन्पुट टैक्स क्रेडिट की वार्षिक किस्त का दावा आंशिक रूप से प्रस्तुत किया जाएगा और व्यवहारी को उसी सीमा तक अनुमन्य किया जाएगा जिस अनुपात में भारत की सीमा से बाहर वस्तु का निर्यात हुआ है। **अग्रतर प्रतिबंध यह हैं कि प्रग्रहणीय विद्युत संयत्र के मामले में, जहॉ विद्युत ऊर्जा का प्रतिशत उपभोग नब्बे प्रतिशत से कम हों वहॉ इनपुट टैक्स क्रेडिट के किश्त की केवल आनुपातिक धनराशि अनुमन्य होगी।**

नियम 37क का बढाया जाना

9. उक्त नियमावली में, नियम 37 के पश्चात निम्नलिखित नियम बढा दिया जाएगा, अर्थात् :–

37कः रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र और उससे आनुषंगिक मामलों का रद्द करण

37क (1) जहॉ उक्त अधिनियम या इस नियमावली के किसी उपबंध के अधीन किसी व्यक्ति या व्यवहारी का रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र रद्द कर दिया गया हो वहॉ यथास्थिति कर निर्धारक प्राधिकारी या रजिस्ट्रीकर्ता प्राधिकारी संबंधित व्यवहारी या व्यक्ति को रद्दकरण आदेश की प्रति तामील करेगा और कर निर्धारक प्राधिकारी या रजिस्ट्रीकर्ता प्राधिकारी के कार्यालय में कोई अन्य प्रमाण पत्र या घोषणा पत्र या ओ0सी0 स्टैम्प, जो विभाग से प्राप्त किये गये हों या जिन पर सक्षम प्राधिकारी द्वारा प्रति हस्ताक्षरित किया गया हो, सहित ऐसे प्रमाण पत्र को जमा करने का आदेश देगा।

(2) रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र रद्दकरण के पश्चात यथास्थित रजिस्ट्रीकर्ता प्राधिकारी या कर निर्धारक प्राधिकारी चौबीस घंटे के भीतर रद्दकरण के संबंध में सार्वजनिक सूचना देगा और परिक्षेत्र के समस्त अपर कमिश्नरों और परिक्षेत्र के अपर कमिश्नर (विशेष अनुसंधान शाखा) को सूचना प्रेषित करेगा और आदेश की एक प्रति कमिश्नर को प्रेषित करेगा।

(3) रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र रद्दकरण की सूचना प्राप्त करने पर परिक्षेत्र का प्रत्येक अपर कमिश्नर और अपर कमिश्नर (विशेष अनुसंधान शाखा) सार्वजनिक सूचना और इलैक्ट्रानिक माध्यमों के द्वारा तत्संबंध में परिक्षेत्र के समस्त अधिकारियों को तत्काल सूचित करेगा।

(4) कमिश्नर या कमिश्नर द्वारा इस निमित्त प्राधिकृत संयुक्त कमिश्नर की श्रेणी से अनिम्न कोई अधिकारी परिपत्र के द्वारा या इलैक्ट्रानिक माध्यमों के द्वारा रजिस्ट्रीकरण रद्दकरण के संबंध में पाक्षिक सार्वजनिक सूचना देगा।

(5) इस नियम के उपबंध, कर कटौती संख्या और सेवा प्रदाता संख्या के निमित्त यथा आवश्यक परिवर्तन सहित लागू होंगे।

नियम 41 का संशोधन

10. उक्त नियमावली में नीचे स्तम्भ–1 में दिये गये विद्यमान नियम–41 के स्थान पर स्तम्भ–2 में दिया गया नियम रख दिया जायेगा, अर्थात् :–

स्तम्भ–1 विद्यमान नियम	स्तम्भ–2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम
41 (1) धारा 21 की उपधारा (5) में संदर्भित चालान या अतंरण बीजक व्यवहारी तीन प्रतियों मूल, द्वितीय व तृतीय प्रतियों के रुप में चिन्हित करके एक सजिल्द पुस्तक से तैयार करेगा और चालान या अंतरण	41 (1) धारा 21 की उपधारा (5) में संदर्भित चालान या अतंरण बीजक, व्यवहारी तीन प्रतियों मूल, द्वितीय व तृतीय प्रतियों के रुप में चिन्हित करके एक सजिल्द पुस्तक से तैयार करेगा और चालान या अंतरण

बीजक की प्रत्येक प्रति पर माल के प्रतिदान या पारेषण के संबध मे निम्नलिखित विशिष्टियॉ अन्तर्विष्ट होंगी:-

(एक) व्यवहारी का नाम व पता ;

(दो) शाखा या डिपो का नाम ;

(तीन) माल प्रतिदानित या प्रेषित करने वाले व्यवहारी की करदाता पहचान संख्या ;

(चार) पुस्तक सख्या ;

(पाँच) क्रम संख्या ;

(छः) दिनांक ;

(सात) चालान या अंतरण बीजक को अभिप्रमाणित करने वाले अधिकृत व्यक्ति का हस्ताक्षर ;

(आठ) उस व्यवहारी या व्यक्ति का नाम व पता जिसको माल प्रतिदानित या पारेषित किया गया है ;

(नौ) पारेषिती व्यवहारी की कर दाता पहचान संख्या यदि कोई हो ;

(दस) ब्रिकी या स्टाक अन्तरण ;

(ग्यारह) निर्माता के मामले मे माल के हटाने का समय ;

(बारह) प्रतिदानित या पारेषित माल संबधी निम्न विशिष्टिया :-

- (क) माल का विवरण ;
- (ख) पहचान चिन्ह या बैच नं0 यदि कोई हो ;
- (ग) माल की मात्रा व माप ;
- (घ) नगो की संख्या ;
- (ङ) माल का वास्तविक या अनुमानित मूल्य ;

(तेरह) कर बीजक या बिक्री बीजक संख्या (यदि बिक्री के समय जारी किया गया हो) ;

(चौदह) परिवहन का तरीका ;

(पन्द्रह) चालान या अंतरण बीजक जारी करने वाले व्यक्ति का हस्ताक्षर व उसकी प्रास्थिति।

(2) उपनियम (1) के खण्ड (एक) से (पाँच) तक की विशिष्टियॉ प्रत्येक चालान या अंतरण बीजक पर छपी हुई होंगी 1

(3) प्रत्येक कर निर्धारण वर्ष के लिए पहली

बीजक की प्रत्येक प्रति पर माल के प्रतिदान या पारेषण के संबध मे निम्नलिखित विशिष्टियॉ अन्तर्विष्ट होंगी:-

(एक) व्यवहारी का नाम व पता ;

(दो) शाखा या डिपो का नाम ;

(तीन) माल प्रतिदानित या प्रेषित करने वाले व्यवहारी की करदाता पहचान संख्या ;

(चार) क्रम संख्या ;

(पाँच) दिनांक ;

(छः) चालान या बीजक को अभिप्रमाणित करने वाले प्राधिकृत व्यक्ति का हस्ताक्षर ;

(सात) उस व्यवहारी या व्यक्ति का नाम व पता जिसको माल प्रतिदानित या पारेषित किया गया है ;

(आठ) पारेषिती व्यवहारी की कर दाता पहचान संख्या यदि कोई हो ;

(नौ) ब्रिकी या स्टाक अन्तरण ;

(दस) निर्माता के मामले मे माल के हटाने का समय ;

(ग्यारह) प्रतिदानित या पारेषित माल संबधी निम्न विशिष्टिया :-

- (क) माल का विवरण ;
- (ख) पहचान चिन्ह या बैच नं0 यदि कोई हो ;
- (ग) माल की मात्रा व माप ;
- (घ) नगो की संख्या ;
- (ङ) माल का वास्तविक या अनुमानित मूल्य ;

(बारह) कर बीजक या बिक्री बीजक संख्या और दिनांक (यदि बिक्री के समय जारी किया गया हो) ;

(तेरह) परिवहन का तरीका ;

(चौदह) चालान या अंतरण बीजक जारी करने वाले व्यक्ति का हस्ताक्षर व उसकी प्रास्थिति।

(2) उपनियम (1) के खण्ड (एक) से (चार) तक की विशिष्टियॉ प्रत्येक चालान या अंतरण बीजक पर छपी हुई होंगी 1

(3) प्रत्येक कर निर्धारण वर्ष के लिए प्रथम

चालान पुस्तक या अंतरण बीजक पुस्तक की क्रम संख्या 001 से प्रारम्भ होगी और प्रत्येक पुस्तक में तीन प्रतियों मे 50 चालान या अंतरण बीजक होंगे तथा अन्य चालान पुस्तकों व अंतरण बीजक पुस्तकों, दोनो पर क्रम संख्याये आरोही क्रम मे होगी।	चालान या अंतरण बीजक की क्रम संख्या 001 से प्रारम्भ होगी । चालान या अंतरण बीजक तीन प्रतियों में होंगे तथा अनुवर्ती चालान व अंतरण बीजक क्रम संख्यायें आरोही क्रम मे होंगी। चालान या अंतरण बीजक बाउण्ड बुक से जारी किया जायेगा जो संख्या में कम से कम पचास होंगे।
(4) चालान या अंतरण बीजक की मूल एवं द्वितीय प्रति माल परिवहनकर्ता को माल को पारेषिती के परिदान हेतु दी जायेगी और ऐसा व्यक्ति उस माल के साथ पारेषिती को दे देगा। परेषिती द्वारा द्वितीय प्रति उस व्यवहारी को वापस कर दी जायेगी जिसने माल का प्रेषण या परिदान किया है। प्रतिबंध यह हे कि जहॉ व्यवहारी या उसके प्रतिनिधि को माल का परिदान विक्रेता के व्यापार स्थल पर किया गया हो, क्रेता व्यवहारी माल की प्राप्ति स्वीकार करने के पश्चात चालान की द्वितीय प्रति विक्रेता व्यवहारी को दे देगा।	(4) चालान या अंतरण बीजक की मूल एवं द्वितीय प्रति माल परिवहनकर्ता को माल को पारेषिती के परिदान हेतु दी जायेगी और ऐसा व्यक्ति उस माल के साथ पारेषिती को दे देगा । परेषिती द्वारा द्वितीय प्रति माल की रसीद अभिस्वीकृत करने के पश्चात उस व्यवहारी को वापस कर दी जायेगी जिसने माल का प्रेषण या परिदान किया है। प्रतिबंध यह हे कि जहॉ व्यवहारी या उसके प्रतिनिधि को माल का परिदान विक्रेता के व्यापार स्थल पर किया गया हो वहॉ क्रेता व्यवहारी माल की प्राप्ति स्वीकार करने के पश्चात चालान की द्वितीय प्रति विक्रेता व्यवहारी को दे देगा।
(5) चालान या अंतरण बीजक की तीसरी प्रति व्यवहारी द्वारा चालान पुस्तक या अंतरण बीजक पुस्तक में अभिलेख के रुप में सुरक्षित रखी जायेगी।	(5) चालान या अंतरण बीजक की तृतीय प्रति व्यवहारी द्वारा चालान पुस्तक या अंतरण बीजक पुस्तक में अभिलेख के रुप में सुरक्षित रखी जायेगी।
(6) जहॉ चालान या आंतरण बीजक कम्प्यूटर पर रखे जा रहे हो तो उसकी हार्ड कापी 50-50 चालानों या अंतरण बीजको की सजिल्द पुस्तक में रखी जायेगी ।	(6) जहॉ चालान या आंतरण बीजक कम्प्यूटर पर रखे जा रहे हो प्रत्येक कार्य दिवस की समाप्ति के पश्चात व्यवहारी अंतरण बीजक या चालान की हार्ड कापी निकालेगा एवं उसे कम से कम न्यूनतम 50 कापी की सजिल्द पुस्तक में रखेगा।
(7) चालान या अंतरण बीजक के प्रारूप, रखरखाव एवं जारी करने के संबंध मे समय-समय पर कमिश्नर निर्देश एवं स्पष्टीकरण जारी कर सकता है।	(7) चालान या अंतरण बीजक के प्रारूप, रखरखाव एवं जारी करने के संबंध मे समय-समय पर कमिश्नर निर्देश एवं स्पष्टीकरण जारी कर सकता है।

नियम 44 का संशोधन

11. **उक्त नियमावली में नीचे स्तम्भ–1 में दिये गये विद्यमान नियम–44 के स्थान पर स्तम्भ–2 में दिया गया नियम रख दिया जायेगा, अर्थात् :–**

स्तम्भ–I	**स्तम्भ–II**

विद्यमान नियम	एतद् द्वारा प्रतिस्थापित नियम
44 (1) धारा-22 की उपधारा (1) में निर्दिष्ट प्रत्येक कर-बीजक में विक्रेता व्यवहारी का नाम व पूरा पता ; उसकी शाखा या डिपो, जहाँ से माल बेचा जाता हो, का नाम और पता; विक्रेता व्यवहारी की करदाता पहचान सं0 (TIN); कर बीजक पुस्तक संख्या; कर बीजक क्रम संख्या; जारी करने का दिनांक; कर बीजक को अभिप्रमाणित करने वाले व्यक्ति के हस्ताक्षर; क्रेता का नाम व पता; क्रेता की करदाता पहचान संख्या (TIN), यदि कोई हो; माल का विवरण; माल की मात्रा एवं परिमाप; माल का मूल्य; अन्य प्रभारण, यदि कोई हो; छूट की धनराशि, यदि कोई हो; कर की दर; प्रभारित किए गए कर की धनराशि; कर बीजक की कुल धनराशि और कर बीजक जारी करने वाले व्यक्ति के हस्ताक्षर, अन्तर्विष्ट होंगे : प्रतिबन्ध यह है कि तत्समय प्रभावी किसी अन्य अधिनियम मे विहित किसी बीजक मे उक्त विशिष्टियों के अतिरिक्त अन्य विवरण भी हैं तो उसे अधिनियम के उद्देश्यो हेतु अवैध नही माना जाएगा।	44 (1) धारा-22 की उपधारा (1) में निर्दिष्ट प्रत्येक कर-बीजक में विक्रेता व्यवहारी का नाम व पूरा पता ; उसकी शाखा या डिपो, जहाँ से माल बेचा जाता हो, का नाम और पता; विक्रेता व्यवहारी की करदाता पहचान सं0 (TIN); कर बीजक पुस्तक संख्या; कर बीजक क्रम संख्या; जारी करने का दिनांक; कर बीजक को अभिप्रमाणित करने वाले व्यक्ति के हस्ताक्षर; क्रेता का नाम व पता; क्रेता की करदाता पहचान संख्या (TIN), यदि कोई हो; माल का विवरण; माल की मात्रा एवं परिमाप; माल का मूल्य; अन्य प्रभारण, यदि कोई हो; छूट की धनराशि, यदि कोई हो; कर की दर; प्रभारित किए गए कर की धनराशि; कर बीजक की कुल धनराशि और कर बीजक जारी करने वाले व्यक्ति के हस्ताक्षर, अन्तर्विष्ट होंगे:
(2) धारा-22 की उपधारा (3) के खन्ड (क) के अन्तर्गत किसी नान वैट वस्तु की बिक्री के लिए जारी किऐ जाने वाले विक्रय बीजक में विक्रेता व्यवहारी का नाम और पूरा पता; शाखा या डिपो, जहाँ से माल बेचा जाता हो, का नाम और पता; विक्रेता व्यवहारी की करदाता पहचान संख्या (TIN); विक्रय बीजक पुस्तक सख्या; विक्रय बीजक क्रम संख्या; जारी करने का दिनांक; क्रेता का नाम और पता; क्रेता की करदाता पहचान संख्या (TIN), यदि कोई हो ; माल का विवरण ; माल की मात्रा एवं परिमाप; माल का मूल्य; अन्य प्रभारण, यदि कोई हो; छूट की धनराशि, यदि कोई हो; कर की दर; प्रभारित किए गए कर की धनराशि; कर बीजक की कुल धनराशि; अन्य ऐसे विवरण, यदि कोई हो; जिसे व्यवहारी आवश्यक समझे और कर	(2) धारा-22 की उपधारा (3) के अन्तर्गत जारी किऐ जाने वाले विक्रय बीजक में विक्रेता व्यवहारी का नाम और पूरा पता; शाखा या डिपो, जहाँ से माल बेचा जाता हो, का नाम और पता; विक्रेता व्यवहारी की करदाता पहचान संख्या (TIN); विक्रय बीजक क्रम संख्या; जारी करने का दिनांक; क्रेता का नाम और पता; क्रेता की करदाता पहचान संख्या (TIN), यदि कोई हो ; माल का विवरण ; माल की मात्रा एवं परिमाप; माल का मूल्य; अन्य प्रभारण, यदि कोई हो; छूट की धनराशि, यदि कोई हो; कर की दर; प्रभारित किए गए कर की धनराशि; कर बीजक की कुल धनराशि; अन्य ऐसे विवरण, यदि कोई हो; जिसे व्यवहारी आवश्यक समझे और कर बीजक जारी करने वाले व्यक्ति का हस्ताक्षर, अन्तर्विष्ट होंगे : प्रतिबन्ध यह है कि यदि व्यवहारी से भिन्न किसी व्यक्ति को बिक्री की जाती है तो ऐसे क्रेता के नाम, पते और करदाता पहचान संख्या (TIN) का उल्लेख किया जाना आवश्यक नही होगा।

बीजक जारी करने वाले व्यक्ति का हस्ताक्षर, अन्तर्विष्ट होंगे :

प्रतिबन्ध यह है कि यदि व्यवहारी से भिन्न किसी व्यक्ति को बिक्री की जाती है तो ऐसे क्रेता के नाम, पते और करदाता पहचान संख्या (TIN) का उल्लेख किया जाना आवश्यक नही होगा।

(3) धारा 22 की उपधारा (3) के खण्ड (ख) के अन्तर्गत नान वैट वस्तु से भिन्न किसी कर योग्य वस्तु की बिक्री के लिए जारी किए जाने वाले विक्रय बीजक में विक्रेता व्यवहारी का नाम और पूरा पता; शाखा या डिपो, जहां से माल बेचा जाता हो, का नाम और पता; विक्रेता व्यवहारी की करदाता पहचान संख्या (TIN); विक्रय बीजक क्रम संख्या; जारी करने का दिनांक; क्रेता व्यवहारी का पूरा नाम एवं पूर्ण पता; माल का विवरण, मात्रा एवं परिमाप; माल की विक्रय कीमत; अन्य प्रभारण, यदि कोई हो; छूट की धनराशि, यदि कोई हो; विक्रय बीजक की कुल धनराशि; अन्य ऐसे विवरण यदि कोई हो, जिन्हें व्यवहारी आवश्यक समझे, और विक्रय बीजक जारी करने वाले व्यक्ति का हस्ताक्षर अन्तर्विष्ट होंगे।

(4) धारा 22 की उपधारा (4) के खण्ड (एक) के उद्देश्य हेतु किसी माल की एक बिक्री के लिए दो सौ पचास (250) रुपए माल का विहित विक्रय मूल्य होगा

(5) धारा 22 की उपधारा (4) में निर्दिष्ट बिल में विक्रेता व्यवहारी का नाम और पूरा पता; शाखा या डिपो, जहाँ से माल बेचा जाता हो, का नाम और पता; विक्रेता व्यवहारी की करदाता पहचान संख्या (TIN); बिल पुस्तक संख्या; बिल की क्रम संख्या; जारी करने का दिनांक; माल को क्रय करने वाले व्यक्ति का पूरा नाम और पूर्ण पता; माल का विवरण; माल की मात्रा एवं परिमाप; माल का मूल्य; अन्य प्रभारण, यदि कोई हो; छूट की धनराशि, यदि कोई हो; बिल की कुल धनराशि; अन्य ऐसे विवरण, यदि कोई हो, जिन्हे

(3) जहॉ कोई व्यक्ति अथवा व्यवहारी तत्समय प्रचलित किसी अन्य कानून के अंतर्गत निर्धारित प्राविधानों के अनुसार बीजक प्रयोग करता है और उसमें उपनियम (1) या उपनियम(2) में कथित समस्त विवरण अंकित है तो इस अधिनियम के प्रयोजन के लिए ऐसा बीजक अमान्य नही होगा।

(4) धारा 22 की उपधारा (4) के खण्ड (एक) के प्रयोजन हेतु किसी माल की एक बिक्री के लिए दो सौ पचास (250) रुपए माल का विहित विक्रय मूल्य होगा

(5) धारा 22 की उपधारा (9) में निर्दिष्ट क्रय बीजक मूल एवं कार्यालय प्रति के नाम से दो प्रतियों में तैयार किया जाएगा जिसपर मूल और कार्यालय प्रति चिन्हित होगा, जिसमें क्रेता व्यापारी का नाम व पता, शाखा या डिपो जहॉ से माल खरीदा जा रहा है, उसका नाम व पता करदाता पहचान संख्या (TIN), क्रय बीजक संख्या, जारी का दिनांक, माल बेचने वाले व्यापारी का पूरा नाम व पता, माल का विवरण, माल की मात्रा अथवा माप, माल का क्रय मूल्य, अन्य कोई खर्चे, जिसका भुगतान किया गया हो, क्रय बीजक में अंकित सम्पूर्ण धनराशि, माल बेचने वाले व्यक्ति के हस्ताक्षर अथवा अॅगूठे का निशान तथा अन्य समस्त विवरण जैसा क्रय करने वाला व्यापारी उचित समझता है और क्रय बीजक जारी करने वाले व्यक्ति के हस्ताक्षर अंकित होंगे।

(6) प्रत्येक कर बीजक एवं विक्रय बीजक में विक्रेता व्यापारी का पूरा नाम व पता, ब्रान्च या डिपो जहॉ से माल बिक्री किया गया है का नाम व पता, विक्रेता व्यापारी का करदाता पहचान पत्र

व्यवहारी आवश्यक समझे और बिल जारी करने वाले व्यक्ति का हस्ताक्षर, अन्तर्विष्ट होंगे।

(6) धारा 22 की उपधारा (4) में निर्दिष्ट कैश मीमो में विक्रेता व्यवहारी का नाम और पूरा पता ; शाखा या डिपो, जहाँ से माल बेचा जाता हो, का नाम और पता; विक्रेता व्यवहारी की करदाता पहचान (TIN); कैशमीमो पुस्तक संख्या; कैशमीमो की क्रम संख्या; जारी करने का दिनांक; माल का विवरण; माल की मात्रा एवं परिमाप; माल का मूल्य; अन्य प्रभारण, यदि कोई हो; छूट की धनराशि, यदि कोई हो ; कैशमीमो की कुल धनराशि; अन्य ऐसे विवरण, यदि कोई हो; जिन्हें व्यवहारी आवश्यक समझे और कैशमीमो जारी करने वाले व्यक्ति के हस्ताक्षर, अन्तर्विष्ट होंगे।

(7) बिल पुस्तक (बिल बुक) और कैशमीमो पुस्तक (Cash memo book) अलग-अलग होंगी और उपनियम (8) और उपनियम (9), यथास्थिति, में निर्दिष्ट बिल और कैशमीमो -

(एक) नान वैट माल से भिन्न करयोग्य माल और

(दो) किसी माल जो (एक) से आच्छादित न हो,

की बिक्री के लिए अलग-अलग बिल बुक और कैशमीमो बुक से जारी किए जाएंगे :

